दिनांक : 04.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

000

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आज से सौ दिवसीय जागरुकता अभियान शुरू हो रहा है। अगले वर्ष 8 मार्च तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य बाल विवाह के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन को मजबूत करने के लिए नागरिकों और संस्थाओं को संगठित करना है। आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन से अभियान की शुरूआत करते हुए महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केन्द्र सरकार का लक्ष्य हर बालिका के लिए ऐसा भारत बनाना है जहां उसके अधिकार सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत इस सामाजिक कुरीति को दूर करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। इस बीच प्रदेश में विभिन्न जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस है। चीतों को संरक्षित करने के उद्देश्य से दुनियाभर में ये दिन 4 दिसम्बर को मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीता दिवस पर सभी वन्यजीव प्रेमियों और चीतों की रक्षा के लिए समर्पित संरक्षकों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने चीते को धरती के सबसे महत्वपूर्ण वन्यजीवों में से एक बताया और तीन साल पहले शुरू किए गए प्रोजेक्ट चीता की सफलता को याद किया। उन्होंने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों को भारत आने और चीतों को उनके पूरे वैभव में देखने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस बीच दक्षिण अफ्रीका से लाई गई चीता वीरा और दस महीने के उसके दो बच्चों को आज मध्यप्रदेश में श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में स्थानांतरित किया जाएगा।

000

आज नौसेना दिवस है। भारतीय नौसेना की उपलब्धियों और भूमिका के सम्मान में हर साल चार दिसंबर को यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1971 में आज के ही दिन ऑपरेशन ट्राईडेंट के दौरान भारतीय नौसेना ने पीएनएस खैबर सहित पाकिस्तान के चार पोत डुबो दिए थे। इस वर्ष नौसेना दिवस केरल के तिरूअनंतपुरम में षणमुगम तट पर भव्य प्रदर्शन के साथ मनाया जा रहा है। यह आयोजन महासागर पहल के तहत पसंदीदा सुरक्षा साझेदार की भूमिका निभाने के नौसेना के संकल्प को दर्शाएगा।

000

प्रदेश में इन दिनों चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से ईट राईट कैंम्पेन चलाया जा रहा है। इसके तहत विद्यालयों में पौष्टिक भोजन और मोटे अनाज का महत्व बताने के लिए जागरूकता गतिविधियां

आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज सवाईमाधोपुर में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को जंकफूड के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही दैनिक आहार में पौषक तत्वों के महत्व के बारे में विभिन्न माध्यमों से बताया गया।

इस बीच विभाग की ओर से पिंक पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। पखवाड़े के तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं में खून की कमी को दूर करने के लिए फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज के इंजेक्शन दिये जा रहे हैं।

000

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा आज डूंगरपर में मुख्यमंत्री जनआवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपेंगे। इससे पहले भीलवाड़ा में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक राज्य–एक चुनाव के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि इसके लिए निकाय स्तर पर सभी तैयारियां सितम्बर माह में ही पूरी कर ली गई हैं।

000

कोटा जिले के सांगोद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम शत–प्रतिशत पूरा हो गया है। क्षेत्र में 2 लाख 14 हजार से अधिक मतदाता हैं। जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया ने इस उपलब्धि पर सभी बीएलओ, सुपरवाईजर और अन्य कार्मिकों को बधाई दी है। वहीं सवाईमाधोपुर जिले की गंगापुरसिटी में भी सभी गणना प्रपत्रों को ईसीआई विभाग की वेब साइट पर अपलोड किया जा चुका है। इसके अलावा जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। जिले में अब तक 99 दशमलव 96 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो चुका है।

000

राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग ने कार्मिकों की सुविधा के लिए एक नया व्हाट्सएप चैटबॉट लॉन्च किया है। इस चैटबॉट के माध्यम से कार्मिक को अपने खाता और अन्य सम्बन्धित जानकारी सीधे व्हाट्सएप पर मिलेगी। विभाग के संयुक्त निदेशक प्रहलाद कुमार मीना ने बताया कि विभाग की यह पहल डिजिटल सेवा को मजबूत करने और कार्मिक के समय तथा मेहनत बचाने के उद्देश्य से की गई है। इससे कार्मिकों की सुरक्षित, आसान और पारदर्शी तरीके से अपने वित्तीय विवरण तक पहुँच सुनिश्चित होगी। विभाग ने सभी कार्मिकों से अनुरोध किया है कि वे केवल अधिकारिक संदेशों पर भरोसा करें और किसी भी अनाधिकृत स्त्रोत से जानकारी साझा न करें।

000